**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 26.10.2019**

**PUNJAB KESARI**

# प्लास्टिक कचरा से मुक्ति के लिए सभी को करना होगा एकजुट प्रयासः दिनेश कुमार

## सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन



*विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

फरीदाबाद, 25 अक्तूबर (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्लास्टिक कचरा मुक्त भारत अभियान (स्वच्छता ही सेवा 2019) का आयोजन किया है। अभियान का आयोजन केन्द्रिय मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट जागरूकता के लिए की गई पहल के अनुरूप किया गया था। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यार्थी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता, प्लास्टिक अपशिष्ट जागरूकता स्टाल और प्लास्टिक कचरा पृथक्करण और पुन: उपयोग से संबंधित विभिन्न गतिविधियां शामिल थी। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण विज्ञान विभाग के अंतर्गत वसुंधरा एनवायरनमेंट सोसाइटी द्वारा डा. रेणुका गुप्ता, फैकल्टी इंचार्ज, पर्यावरण विज्ञान विभाग की देखरेख में किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक कृतियों के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के दुष्प्रभावों पर एक गंभीर संदेश प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त होना न केवल पर्यावरण के हित में है, बल्कि जलीय जीवन के लिए भी है, जो सिंगल यूज प्लास्टिक की खपत से प्रभावित हो रहे है। उन्होंने विद्यार्थियों से इस अभियान को एक जन आंदोलन बनाने की अपील की। ऑन द स्पॉट पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र राज ने जीता। दूसरा स्थान एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल पांचाल ने हासिल किया और तीसरा स्थान बीएससी रसायन विज्ञान द्वितीय वर्ष की छात्रा श्रद्धा चुघ, और एमएजेएमसी के अभिमन्यु ने सांझा किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में एमएससी पर्यावरण विज्ञान की नीतू, प्रियंका, कंचन और मोनिका की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीटेक सीई प्रथम सेमेस्टर की अनुष्का ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह, एमएससी पर्यावरण विज्ञान द्वितीय वर्ष की श्वेता और काजल सैनी ने तीसरा स्थान हासिल किया। एमओजेएमसी से अमोदिता जोशी और उनकी टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 26 October 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/45183737

**Recognised by UGC under Section 2 (f) & 12 (B) of UGC Act, 1956 | Accredited 'A' Grade by NAAC**

**NEWS CLIPPING: 26.10.2019**

**PUNJAB KESARI COM**

# प्लास्टिक कचरा से मुक्ति के लिए सभी को करना होगा एकजुट प्रयास

**फरीदाबाद**,राकेश देव (पंजाब केसरी): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्लास्टिक कचरा मुक्त भारत अभियान (स्वच्छता ही सेवा २०१९) का आयोजन किया है। अभियान का आयोजन केन्द्रिय मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट जागरूकता के लिए की गई पहल के अनुरूप किया गया था। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यार्थी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता, प्लास्टिक अपशिष्ट जागरूकता स्टाल और प्लास्टिक कचरा पृथक्करण और पुन: उपयोग से संबंधित विभिन्न गतिविधियां शामिल थी। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण विज्ञान विभाग के अंतर्गत वसुंधरा एनवायरनमेंट सोसाइटी द्वारा डा. रेणुका गुप्ता, फैकल्टी इंचार्ज, पर्यावरण विज्ञान विभाग की देखरेख में किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक कृतियों के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के दुष्प्रभावों पर एक गंभीर संदेश प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की रचनात्मक कृतियों को खूब सराहा गया। प्लास्टिक अपशिष्ट जागरूकता स्टाल पर, वसुंधरा सोसाइटी के विद्यार्थी सदस्यों ने दैनिक कामों में प्लास्टिक के उपयोग की वस्तुओं को कम करने के चरणबद्ध उपायों को प्रदर्शित किया। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम कचरे के पृथक्करण एवं निपटान और जलीय जानवरों पर प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, डीन (एचएएस) डॉ. राज कुमार, पर्यावरण विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष दीक्षित और विभाग के संकाय सदस्य उपस्थित थे। कुलपति ने इवेंट गैलरी का दौरा भी किया तथा विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर बोलते हुए, कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने सिंगल यूज प्लास्टिक से देश को मुक्त बनाने के लिए सभी से एकजुट प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सक्रिय रूप से प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने और विश्वविद्यालय परिसर में प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त होना न केवल पर्यावरण के हित में है, बल्कि जलीय जीवन के लिए भी है, जो सिंगल यूज प्लास्टिक की खपत से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से इस अभियान को एक जन आंदोलन बनाने की अपील की। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को परिसर में और आसपास के प्लास्टिक कचरे के निपटान के नए तरीके खोजने के लिए भी प्रोत्साहित किया। विभाग की संकाय प्रभारी और वसुंधरा सोसाइटी की समन्वयक डॉ. रेणुका गुप्ता ने कार्यक्रम की जानकारी दी और सिंगल यूज प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग के प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का अनुचित निपटान पर्यावरण में जहरीले रसायनों को जोड़ रहा है और मानव खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर रहा है। ऑन द स्पॉट पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र राज ने जीता। दूसरा स्थान एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल पांचाल ने हासिल किया और तीसरा स्थान बीएससी रसायन विज्ञान द्वितीय वर्ष की छात्रा श्रद्धा चुघ, और एमएजेएमसी के अभिमन्यु ने साझा किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में एमएससी पर्यावरण विज्ञान की नीतू, प्रियंका, कंचन और मोनिका की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीटेक सीई प्रथम सेमेस्टर की अनुष्का ने दूसरा स्थान हासिल किया।

**सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन**



पंजाब केसरी Sat, 26 October 2019
mpaper.punjabkesari.com/c/45183602

**NEWS CLIPPING: 26.10.2019**

**HINDUSTAN**



जेसी बोस विश्वविद्यालय में कार्यशाला के बाद कुलपति दिनेश कुमार ने शुक्रवार को प्रतिभागियों को सम्मानित किया । ● हिन्दुस्तान

# विशेषज्ञों ने विषय की जानकारी दी

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की ओर से आयोजित की जा रही आठ दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हो गई। इस दौरान डाटा एनालिस्ट की विभिन्न तकनीक के विषय में जानकारी दी गई। 60 से अधिक शोधकर्ता और संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस दौरान डॉ. कोमल कुमार भाटिया ने सांख्यिकी, मशीन लर्निंग, एडवांस एक्सेल और एसक्यूएल के विषय में जानकारी दी।

**NEWS CLIPPING: 26.10.2019**

**AMAR UJALA**

# प्लास्टिक कचरा मुक्त एक सामूहिक प्रयास: प्रो. दिनेश

अमर उजाला ब्यूरो

**जेसी बोस विवि में विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) में सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में छात्रों को जागरूक के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान प्लास्टिक कचरा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता, प्लास्टिक अपशिष्ट जागरूकता स्टाल और प्लास्टिक कचरा पृथक्करण और पुनः उपयोग से संबंधित गतिविधियां कराई गई। पर्यावरण विज्ञान विभाग के वसुंधरा एनवायरमेंट सोसाइटी की ओर से डॉ. रेणुका गुप्ता, फैकल्टी इंचार्ज, पर्यावरण विज्ञान विभाग की देखरेख में किया गया।



**NEWS CLIPPING: 26.10.2019**

## NAVBHARAT TIMES

# सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताए

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में रसायनिक तत्वों के पीरियोडिक टेबल की खोज की 150 वर्षगांठ व विज्ञान भारती के स्थापना दिवस के मौके पर एक संगोष्ठी आयोजित हुई। रसायनिक तत्वों के पीरियोडिक टेबल की खोज रूसी वैज्ञानिक डेमीत्रि इवानोविच मेंडेलीफ ने साल 1869 में की थी। यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी



व विकास अध्ययन संस्थान की निदेशक प्रोफेसर रंजना अग्रवाल मुख्य वक्ता रहीं। इसकी अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने की। संगोष्ठी के अन्य वक्ताओं में केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव और रूसी विज्ञान व संस्कृति केंद्र से अलेक्सी शापोशनिकोव, डॉ. राजकुमार व कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. आशुतोष दीक्षित ने कार्यक्रम व विभागीय गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रौद्योगिकी के साथ-साथ विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 26.10.2019**

## DAINIK BHASKAR

**आयोजन** • जेसी बोस यूनिवर्सिटी में विज्ञान भारती के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी

# वैज्ञानिकों का योगदान प्रेरणादायी: प्रो. रंजना

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने रासायनिक तत्वों के पीरियोडिकल टेबल की खोज की 150वीं वर्षगांठ व विज्ञाम भारती के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया। सीएसआईआर के राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं विकास अध्ययन संस्थान नई दिल्ली की निदेशक प्रो. रंजना अग्रवाल मुख्य वक्ता थीं। जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी के साथ-साथ विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को विभिन्न आयोजनों के माध्यम से भी प्रोत्साहित करता रहता है। उन्होंने रसायन विज्ञान विभाग की ओर से विद्यार्थियों में रसायन विज्ञान को लेकर बेहतर समझ उत्पन्न करने की दिशा में 'रसायन्स' सोसाइटी शुरू करने की पहल की सराहना की।

डॉ. अग्रवाल ने आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रॉय के शोध कार्य पर एक अवलोकन दिया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय वैज्ञानिकों का अतुलनीय योगदान रहा है। इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने विज्ञान भारती की ओर से देश में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इसने प्राचीनकाल से लेकर आधुनिक समय के भारतीय विज्ञान एवं महान भारतीय वैज्ञानिकों के समृद्ध योगदान को लेकर समय-समय पर जागरूक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी विभाग निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इस कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान भारती की फरीदाबाद इकाई और रसायन विज्ञान विभाग की केमिकल सोसाइटी रसायन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसका संचालन डॉ. बिंदु मंगला और डॉ. सीताराम ने किया। संगोष्ठी के अन्य वक्ताओं में डॉ. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव और अलेक्स शापोशनिकोव, डा. राजकुमार और कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग आदि शामिल थे।



**फरीदाबाद.** जेसी बोस यूनिवर्सिटी में विज्ञान भारती के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करतीं प्रो. रंजना अग्रवाल।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 26.10.2019**

**THE TRIBUNE**

# 150TH ANNIVERSARY OF PERIODIC TABLE

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, on Friday held a seminar to commemorate the 150th anniversary of the creation of the periodic table of chemical elements. It also observed the foundation day of 'Vijnana Bharati' (Vibha)', which was founded in 1991 as a national movement to popularise science and developing scientific temperament among students and masses. A quiz competition was organised to mark the occasion. It may be noted that the periodic table of chemical elements was discovered in 1869 by Russian scientist Dmitri Mendeleev and 2019 is being observed as the International Year of the Periodic Table of Chemical Elements by UNESCO.

The Tribune Sat, 26 October 2019
https://epaper.tribur

**NEWS CLIPPING: 26.10.2019**

## NAVBHARAT TIMES

खास खबरें

### 'प्लास्टिक कचरा मुक्त भारत' अभियान चलाया

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान छात्रों को बताने के उद्देश्य से जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में 'प्लास्टिक कचरा मुक्त भारत' अभियान का आयोजन किया गया। केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय की तरफ से प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत यूनिवर्सिटी ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान यूनिवर्सिटी में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता आयोजित हुई। साथ ही प्लास्टिक वेस्ट जागरूकता स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण विज्ञान विभाग के अंतर्गत वसुंधरा एनवायरनमेंट सोसायटी ने डॉ. रेणुका गुप्ता की देखरेख में किया।

**NEWS CLIPPING: 26.10.2019**

## NAVBHARAT TIMES



### 8 दिवसीय कार्यशाला का समापन

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की तरफ से डेटा एनालिटिक्स की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई 8 दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। इसमें 60 लोगों ने हिस्सा लिया। समापन सत्र में कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों का संचालन डेटा वैज्ञानिक व मशीन लर्निंग विशेषज्ञ मोहित कुमार और व्यवसाय सलाहकार विशेषज्ञ गुंजन थरेजा ने किया। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी में औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने व भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए ऐसी कार्यशालाओं का निरंतर आयोजन जरूरी है। डॉ. कोमल कुमार भाटिया ने बताया कि कार्यशाला के दौरान डेटा एनालिटिक्स जैसे पाइथन्, सांख्यिकी, मशीन लर्निंग, एडवांस एक्सेल व एसक्यूएल में वास्तविक समस्याओं के अध्ययन के साथ-साथ प्रतिभागियों को व्यावहारिक अभ्यास करवाया गया। कार्यशाला का संयोजन डॉ. नीलम दूहन व डॉ. ज्योति ने किया।

## NAVBHARAT TIMES



### कंप्यूटर कोडिंग की सीखीं बारीकियां

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की तरफ से छात्रों की टेक्निकल सोसायटी गीक्समेन व कोडशैफ कैंपस चैप्टर की शुरुआत की गई। सोसायटी की तरफ से यूनिवर्सिटी में एक विशेषज्ञ सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें 125 छात्र ने हिस्सा लिया। सत्र में आमंत्रित वक्ता प्रणव खंडेलवाल व जतिन विरमानी ने छात्रों को कंप्यूटर कोडिंग से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्र कैसे अपना स्किल सुधार सकते हैं। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रोफेसर दिनेश कुमार ने छात्रों के तकनीकी कौशल में की जा रही इस पहल के लिए विभाग के प्रयासों की सराहना की।

**NEWS CLIPPING: 26.10.2019**